
# भारत –स्थिति और आकार
# (India– Location and size )


अध्याय - 01





© JCERT not to be republished

# भारत की स्थिति

- गोलार्ध ।
  - अक्षांश–उत्तरी गोलार्ध
  - देशांतर–पूर्वी गोलार्ध
- अक्षांश– 8° 4' से 37° 6' उत्तरी
- देशांतर–68° 7' से 97° 25' पूर्व
- मुख्य भूमि का विस्तार
  - उत्तर दक्षिण 3214 किलोमीटर
  - पूर्व पश्चिम 2933 किलोमीटर
- सुदूरवर्ती बिंदु
  - पूर्व में– किबिथू (अरुणाचल प्रदेश)
  - पश्चिम–गौर माता (गुजरात)
  - उत्तर– इंदिरा कोल (लद्दाख)
  - दक्षिणी
    - इंदिरा पॉइंट (दक्षिणतम बिंदु) ग्रेट निकोबार
    - कन्याकुमारी (मुख्य भूमि का) (तमिलनाडु)




© JCERT not to be republished

## भारत एवं कर्क रेखा


- 23° 30' उत्तरी अक्षांश
- भारत का लगभग दो बराबर भागों में विभाजन
- 8 राज्यों से गुजरती है
  - गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ , झारखंड , पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मिजोरम

---


## भारत-आकार

- चतुष्कोनीय
- क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किलोमीटर
- विश्व का 2.4 प्रतिशत
- सातवां बड़ा देश (क्षेत्रफल के आधार पर)
  - रूस , कनाडा , संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन , ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, भारत( क्रमशः)।

© JCERT not to be republished





चित्र 1.1: भारत और विश्व





चित्र 1.3 : भारत – विस्तार एवं मानक रेखा


© JCERT not to be republished




© JCERT not to be republished




© JCERT not to be republished





© JCERT not to be republished


## केंद्रीय स्थिति।

- भारतीय भूखंड।
  - एशिया महाद्वीप के पूर्व व पश्चिम के मध्य में स्थित है।
  - एशिया महाद्वीप का दक्षिण विस्तार।
  - दक्षिण में हिंद महासागर और पश्चिम में यूरोपी देश व पूर्व में एशियाई देशों से संपर्क स्थापित होने के कारण भारत को केंद्रीय स्थिति प्रदान होता है।
- भारत का अपने पड़ोसी देशों एवं सुदूरवर्ती पूर्व व पश्चिम देशों से निकट का संबंध।
  - कारण।
    - दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार हिंद महासागर में शीर्ष पर फैला होना।
    - विशाल तटरेखा।
    - प्राकृतिक बंदरगाह।

© JCERT not to be republished




अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मार्ग




© JCERT not to be republished




**भारत और पड़ोसी देश**

JEPC Reference Book for Free Distribution : 2022-23

## विविध तथ्य

- भारत दक्षिण एशियाई देश है।
- मन्नार की खाड़ी भारत एवं श्रीलंका के बीच है।
- पाक जल संधि द्वारा भारत (मुख्य भूमि) श्रीलंका से पृथक है।
- भारत का सबसे अधिक सीमा विस्तार बांग्लादेश के साथ है।
- भारत का सबसे कम सीमा विस्तार अफगानिस्तान के साथ है।
- सन 1869 में स्वेज नहर के बन जाने के कारण भारत एवं यूरोप के बीच 7000 किलोमीटर की दूरी कम हो गई।
- सूर्य की किरणें तिरछी पड़ने के कारण कन्याकुमारी और कश्मीर में दिन और रात की अवधि में अंतर होती है।
- भारतीय उपमहाद्वीप के अंतर्गत निम्न देश आते हैं- भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश।

© JCERT not to be republished

## अभ्यास

1. निम्नलिखित चार उत्तरों में से उपयुक्त उत्तर चुनिए:

(i) कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती है ?

(क) राजस्थान
(ख) उड़ीसा
(ग) छत्तीसगढ
(घ) त्रिपुरा

उत्तर:- उड़ीसा

(ii) भारत का सबसे पूर्वी देशांतर कौन-सा है?

(क) 97° 25' पूर्व
(ग) 68° 7' पूर्व
(ख) 77° 6' पूर्व
(घ) 82° 32' पूर्व

उत्तर:- (क) 97° 25' पूर्व

(iii) उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम की सीमाऐं किस देश को छूती हैं?

(क) चीन
(ग) नेपाल
(ख) भूटान।
(घ) म्यांमार

उत्तर:-(ग) नेपाल

(iv) ग्रीष्मावकाश में आप यदि कवरत्ती जाना चाहते हैं तो किस केंद्र शासित क्षेत्र में जाऐंगे?

(क) पुडुचेरी
(ग) अंडमान और निकोबार
(ख) लक्षद्वीप
(घ) दीव और दमन

उत्तर:-(ख) लक्षद्वीप

(v) मेरे मित्र एक ऐसे देश के निवासी हैं जिस देश की सीमा भारत के साथ नहीं लगती है। आप बताइए वह कौन सा देश है ?

(क) भूटान
(ग) बांग्लादेश
(ख) ताजिकिस्तान
(घ) नेपाल

उत्तर:-(ख) ताजिकिस्तान

© JCERT not to be republished

2. **निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए:**

(i) अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह के नाम बताइए । दक्षिण में कौन-कौन से द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी हैं ?

उत्तर:- अरब सागर में लक्षद्वीप तथा बंगाल की खाड़ी में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह स्थित हैं। दक्षिण में श्रीलंका तथा मालदीव द्वीपीय देश हमारे पड़ोसी देश हैं।

(ii) उन देशों के नाम बताइए जो क्षेत्रफल में भारत से बड़े हैं?

उत्तर:- रूस, कनाडा, यूएसए, चीन, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील ऐसे देश हैं जो भारत से बड़े हैं।

(iii) हमारे उत्तर-पश्चिमी उत्तरी तथा उत्तर-पूर्वी पडोसी देशों के नाम बताइए।

उत्तर:- भारत के उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी देश पाकिस्तान,अफगानिस्तान तथा उत्तरी पड़ोसी देश चीन (तिब्बत), नेपाल एवं भूटान एवं उत्तर-पूर्वी पड़ोसी देश म्यांमार और बाग्लादेश है।

(iv) भारत में किन-किन राज्यों से कर्क रेखा गुजरती है, उनके नाम बताइए ।

उत्तर:- कर्क रेखा भारत के गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम राज्यों से होकर गुजरती है।

3. **सूर्योदय अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग में गुजरात के पश्चिमी भाग की अपेक्षा 2 घंटे पहले क्यों होता है, जबकि दोनों राज्यों में घड़ी एक ही समय दर्शाती है ? स्पष्ट कीजिए ।**

उत्तर: सूर्योदय अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी भाग में गुजरात के पश्चिमी भाग की अपेक्षा 2 घंटे पहले होता है, क्योंकि भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी भाग के देशांतरीय विस्तार में लगभग 30° देशांतर (longitude) का अंतर आता है, और पृथ्वी को 30°की दूरी तय करने में 2 घंटे का समय लगता है (हम जानते हैं कि पृथ्वी अपनी धुरी पर 24 घंटे में 360° घूमती है तथा 1 घंटे में 15° देशांतर की दूरी तय करती है)। दोनों राज्यों में घड़ी एक ही समय दर्शाती है, इसका मुख्य कारण पूरे देश के लिए एक ही मानक समय रेखा अपनाया गया है। भारत का मानक समय रेखा 82° 30' पूर्वी देशांतर रेखा है, जो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले से गुजरती है ।

4. **हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है ?**

उत्तर: भारतीय भूखंड एशिया महाद्वीप के पूर्व और पश्चिम के मध्य स्थित है। भारतीय भूभाग एशिया महाद्वीप का दक्षिणी विस्तार है। भारतीय भूभाग के दक्षिण में हिंद महासागर है जो पश्चिम में यूरोपीय देशों और पूर्व में एशियाई देशों को मिलाता है जो भारत को कोन्द्रीय स्थिति प्रदान करता है।

हिंद महासागर में जिस प्रकार भारत का तटीय सीमा फैला हुआ है वैसे किसी देश का तटीय

© JCERT not to be republished

सीमा विस्तारित नहीं है। भारत की इसी महत्वपूर्ण स्थिति के कारण हिंद महासागर का नाम इसके नाम पर पड़ा।

हिंद महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति से भारत को होने वाले लाभ निम्नलिखित है।

i. भारत हिंद महासागर से अपनी सबसे लंबी तटरेखा साझा करता है जिससे भारत के पास ज्वारीय ऊर्जा के अपार संभावनाएं उत्पन्न होती है।

ii. भारत अब हिंद महासागर की सहायता से अपनी पूर्वी तट से पूर्वी एशियाई देशों से व्यापारिक संबंधों को और अधिक मजबूत कर सकता है।

iii. पश्चिमी तट द्वारा यूरोपीय देशों तथा अफ्रीकी देशों के साथ अपने व्यापारिक और राजनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने में सहायता मिली है।

iv. हिंद महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति के कारण भारत अपने निकटम छोटे देशों को सुरक्षा एवं सहायता प्रदान करके विश्व परिदृश्य में अपनी अलग पहचान स्थापित किया है।

अतः हम कह सकते है कि हिंद महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति होने से भारत को राजनीतिक, व्यापारिक, तथा अन्य विदेशी मुद्दों में लाभ प्राप्त हुआ है।

## मानचित्र कौशल

1. निम्नलिखित की मानचित्र की सहायता से पहचान कीजिए :

(i) अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप समूह।

(ii) भारतीय उपमहाद्वीप किन देशों से मिलकर बनता है?

(iii) कर्क रेखा कौन-कौन से राज्यों से गुजरती है ?

(iv) भारतीय मुख्य भूभाग का दक्षिणी शीर्ष बिंदु ।

(v) भारत का सबसे उत्तरी अक्षांश।

(vi) अंशों में भारत के मुख्य भूभाग का दक्षिणी अक्षांश।

(vii) भारत का सबसे पूर्वी और पश्चिमी देशांतर।

(viii) सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य।

(ix) भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि।

(x) भारत के केंद्र शासित क्षेत्र।

### परियोजना कार्य

(i) अपने राज्य का विस्तार अक्षांश और देशांतर में ज्ञात कीजिए ।

(ii) 'रेशम मार्ग' के बारे में सूचना एकत्र कीजिए। यह भी ज्ञात कीजिए की किन नई विकास योजनाओं द्वारा उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन के मार्ग विकसित किए गए हैं?

© JCERT not to be republished